दैनिक पदमावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in | Mo. 9594542679 | Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 235 • मुंबई, शनिवार, 04 मई , 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

# निम्स विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ.बीएस तोमर की राज्यपाल कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंटवार्ता



पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** विख्यात शिक्षण समूह निम्स विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. बीएस तोमर ने शुक्रवार को राज्यपाल कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंटवार्ता की एवं पुष्प गुच्छ भेंट राज्यपाल का स्वागत किया। इस अवसर पर निम्स हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पंकज सिंह, डॉ. दीपक नाथिया इंचार्ज फॉरेन एकेडमिक अफेयर्स भी उनके साथ थे। डॉ. बीएस तोमर ने राज्यपाल कलराज मिश्र को नाम नवनिर्मित निम्स कैंसर हॉस्पिटल के उद्घाटन का भी निमंत्रण दिया। इस अवसर पर डॉ.बीएस तोमर ने संवाद के दौरान निम्स विश्वविद्यालय के अकादमिक कार्य योजनाओं, नवाचार, वर्तमान प्रगति स्थिति, शैक्षणिक प्रकल्पों से भी अवगत कराया। संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान में निम्स विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन अकादमिक उत्कृष्टता के साथ सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता निर्धारण एवं उल्लेखनीय कार्य, विश्वविद्यालय में लागू नवाचार एवं अभिनव कार्यक्रम, नवप्रवर्तन योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उत्कृष्टता के साथ उच्च शिक्षा के उन्नयन हेतु किए गए सार्थक प्रयास एवं शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं अर्जित उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए हम निम्स विश्वविद्यालय को अंतराष्ट्रीय स्तर पर सीरेमौर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। निम्स हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा के गुणवत्ता निर्धारण और विभिन्न पाठ्यक्रमों को वैश्विक पहचान और अंतराष्ट्रीयकरण की दिशा में निम्स दुवारा अनुकरणीय मानक निधारित किए गए है, जो विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ा रहे हैं।डॉ. दीपक नाथिया, निदेशक फॉरेन एकेडमिक अफेयर्स ने कहा निम्स को अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने अपने अध्ययन की प्राथमिकता में शामिल किया है। जिससे दिन प्रतिदिन अंतरराष्ट्रीय छात्रों की प्रवेश में वृद्धि हो रही है।

# लू व तापघात से बचाव के लिए आमजन बरतें एहतियात

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले में बढ़ रही गर्मी के चलते जिला प्रशासन ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाइरिस्क वाले लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत है। वहीं गर्मी के मौसम में जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष सावधानी बरतने के जिला प्रशासन ने निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग (राजस्थान, जयपुर) से विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त हुए है। निर्देशों की पालना में जिले में गर्मी के मौसम में वर्तमान में चल रही लू एवं तापघात के प्रभाव से निराश्रित, बेघर, बेसहारा एवं खुले आसमान के नीचे सोने वाले व्यक्तियों के बचाव हेतु स्थाई / अस्थाई रेन बसेरों की व्यवस्था करने, रेन बसेरों में दिन के समय विश्राम करने वाले व्यक्तियों को बिछाने हेतु दरियों की व्यव-स्था करने, खुले आसमान के नीचे स्थानों पर रहने वालों को रेन बसेरों में स्थानान्तरण करने हेतु आवश्यक वाहन की व्यवस्था करने, लू एवं तापघात के प्रभाव से पीडित व्यक्ति के तत्काल उपचार की व्यवस्था करने,रेन बसेरों में विश्राम करने वाले परिवारों/ व्यक्तियों को लू से बचाव हेतु पर्याप्त आवश्यक सुविधाएं यथा पर्याप्त ठंडे पेयजल,पर्याप्त आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों,ओ.आर.एस. घोल के पैकेट,स्वास्थ्य की जांच कर मौके पर ही जीवन रक्षक औषधियां उपलब्ध कराने की व्यव-स्था करने के संबंध में निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट एवं पूर्वानुमान अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करना एवं लू-ताप संबंधी रिपोर्ट एकत्र करें तथा अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें। सभी अस्पतालों में रोगियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप से इंतजाम, शुद्ध पेयजल की व्यव-स्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिप सेट, ब्लीचिंग पाउडर सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गर्मी से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, आंत्र दोष एवं अन्य मौसमी बीमारियों के रोगियों की सतर्कता से निगरानी रखें एवं उपचार उपलब्ध करवाएं। प्रचार-प्रसार कर आमजन को गर्मी से बचाव के बारे में जानकारी दी जाए तथा रैपिड रिस्पांस टीम एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित करें। यह है लू एवं तापघात के लक्षण शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगाना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं। चिकित्सकीय दृष्टि से लू-तापघात के लक्षण, लवण व पानी की आवश्यकता व अनुपात विकृति के कारण होती है। ऐसे में रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जावे। रोगी को होश मे आने की दशा मे उसे ठण्डा पेय पदार्थ पिलाएं। उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए।

**जरूरी है सावधानी**

जिला प्रशासन ने आमजन से भीषण गर्मी के चलते एहतियात बरतने की अपील की है। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि जहां तक सम्भव हो धूप में न निकलें, धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। आमजन जब भी बाहर निकलें, छाता व पानी आदि की व्यवस्था अनुरूप घर से निकलें। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़ व गर्म घुटन भरे कमरों से बचें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें। गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही जरूरी होने पर बाहर निकलें। रंगीन चश्में एवं छतरी का प्रयोग करें। गर्मी मे हमेशा पानी अधिक मात्रा मे पिएं एवं पेय पदार्थो जैसे निंबू पानी, नारियल पानी, ज्यूस आदि का प्रयोग करें। लू तापघात से प्राय हाई रिस्क श्रेणी वाले लोग जैसे कि कुपोषित बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं व शुगर, बीपी आदि के मरीज शीघ्र प्रभावित होते हैं। इन्हें बाहर न निकलने दें व इनका विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य संबंधी जरूरत होने पर तत्काल 108 को कॉल करें या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं। नरेगा अथवा अन्य श्रमिकों के कार्यस्थल पर छाया एवं पानी का पूर्ण प्रबन्ध रखा जावे ताकि श्रमिक थोड़ी-थोड़ी देर में छायादार स्थानों पर विश्राम कर सकें।

# तेल के डिब्बे बरामद कर एक आरोपी गिरफ्तार



पदमावत मीडिया

**मंदसौर/नाहरगढ ।** पुलिस थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा व्यापारी के साथ विश्वातघात करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली सफलता, विश्वासघात कर प्राप्त किया माल, तेल के डिब्बे बरामद।

पुलिस अधीक्षक मंदसौर अनुराग सुजानिया के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर गौतम सोलंकी व नगर पुलिस अधीक्षक मंदसौर सतनाम सिंह के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 30-04-24 को फरियादी के साथ विश्वासघात कर प्राप्त कर 02 दर्जन फार्चन के तेल के डिब्बे किमती 43200 रुपये व पीकअप को जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 01-05-24 को फरियादी जगदीश पिता जयगोपाल बाधवा नि भानपुरा हामु जगतपुरा मदंसोर ने पीकअप थाना सिटी कोतवाली मंदसौर पर आकर रिपोर्ट लेख कराई की उसने दिनांक 30-4-24 को अपने दुकान से 100 फॉर्च्यून तेल के डिब्बे, कोल्ड ड्रिंक की 200 पेटी व 6 कुलर मंदसौर से भानपुरा के लिए लोड कर आए थे उक्त पिकअप का ड्राइवर हेमंत उर्फ सुमित लोहार था जो भानपुरा पहुंचने पर जानकारी मिली कि उक्त वाहन में 24 तेल के डिब्बे जिनकी कीमत 43200 थी जो कम मात्रा में पाए गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली पर अपराध क्रमांक 223/24 धारा 407 भारतीय दंड विधान का दर्ज किया जाकर अनुसंधान में लिया गया। अनुसंधान के दौरान वाहन चालक हेमंत उर्फ सुमित लोहार पिता जगदीश लोहार उम्र 20 साल निवासी ग्राम कुणी थाना हतुनिया जिला प्रतापगढ़ राजस्थान से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर पहले आरोपी द्वारा इधर-उधर की बात कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की गई उसके पश्चात मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा 24 तेल के डिब्बो को स्वयं प्राप्त करने की नीयत से फरियादी के साथ विश्वास घात कर घटना में प्रयुक्त तेल को डिब्बो को अन्यत्र स्थान पर छिपा दिया था जिन्हें पुलिस ने बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। कार्यवाही में प्रयोग किए गए चार पहिया वाहन पीकअप को भी पुलिस ने जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

गिरफ्तार आरोपी के नाम 01. हेमंत उर्फ सुमित लोहार पिता जगदीश लोहार उम्र 20 साल निवासी ग्राम कुणी थाना हतुनिया जिला प्रतापगढ़ राजस्थान ।

पुलिस कार्यवाही में निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ थाना प्रभारी कोतवाली, प्रआर 402 कमलेश भदोरिया, प्रआर 121 अर्जुन सिह, प्रआर 139 मनोहर मसानिया, आर 463 हरीश राठोर, आर 861 नरेन्द्र, आर 312 सुधीर राठोर, आर 751 योगेश साहू, आर 586 राकेश मईडा की सराहनीय भूमिका रही।

# मतदाता जागरूकता के अंतर्गत वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ




पदमावत मीडिया

**मंदसौर ।** मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कैलेंडर अनुसार जिला प्रशासन, मन्दसौर द्वारा 02 मई 2024 को शांम 4:30 बजे से युवाओं के लिए वॉलीबॉल खेल का आयोजन पी.जी. कॉलेज वॉलीबॉल खेल मैदान पर हुआ। जिसमें 06 पुरुष एवं 3 महीला वॉलीबॉल टीमों ने भाग लिया। इसमें 01 टीम जिला प्रशासन के अधिकारियों/कर्मचारियों की भी रही, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) कुमार सत्यम, जिला उपनिर्वाचन अधिकारी रविन्द्र परमार, डिप्टी कलेक्टर शुभम पाटीदार, जिला खेल अधिकारी विजेन्द्र देवड़ा, पी.जी. कॉलेज क्रीड़ाधिकारी राजू कुमार, जिला एथलेटिक्स कोच मुकेश भटेवरा, दलौदा कॉलेज क्रीड़ाधिकारी अब्दुल रज्जाक, मल्हारगढ़ ब्लाक समन्वयक गोपाल धनगर, मल्हारगढ़ उत्कृष्ट विद्यालय के खेल शिक्षक अर्जुन परिहार, शा. बालक उ.मा. विद्यालय बूढा के खेल शिक्षक रहुफ खान ने भी खेल में भाग लिया, फाइनल मैच बूढ़ा और जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन की टीमों के बीच खेला गया जिसमें बूढा की टीम विजेता और वॉलीबॉल एसोसिएशन उपविजेता रही, विजेता खिलाड़ियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

# नृत्याकृति का आयोजन आज

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** दक्षिण राजस्थान में कला-साहित्य और संस्कृति को समर्पित कश्ती फाऊंडेशन के तत्वावधान में नृत्योर्मी स्कूल ऑफ़ ओडिसी द्वारा शनिवार शाम को सांस्कृतिक संध्या 'नृत्याकृति' का आयोजन होगा।

कश्ती फाउंडेशन प्रमुख श्रद्धा मुर्डिया ने बताया कि शाम ठीक 7 बजे विद्याभवन ऑडिटेरियम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में नृत्योर्मी स्कूल के गुरु कृष्णेंदु साहा के साथ उनके विद्यार्थी भी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

# उदयपुर टीचर्स ग्रुप की ओर से 1100 परिण्डे वितरित



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** हाल के दिनों में बढ़ती गर्मी को देखते हुए बेजुबान जीवों के दाना-पानी के लिए उचित प्रबंध का सेवा कार्य जारी है। इसी कड़ी में उदयपुर टीचर्स ग्रुप की ओर से शहर के प्रमुख स्थानों पर निरीह पक्षियों के लिए 1100 परिण्डे वितरित करने का सेवा कार्य किया गया। साथ ही उदयपुर टीचर्स ग्रुप द्वारा सभी पक्षी प्रेमियों से इस भीषण गर्मी में इन परिण्डों का उचित उपयोग कर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने की अपील की गई। यह जानकारी उमांकांत आमेटा ने दी।

# आकाशवाणी कॉलोनी में बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लगाए गए (परिंडे) जलपात्र



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर के द्वारा आज हिरण मगरी ,सेक्टर 5 स्थित आकाशवाणी आवासीय कॉलोनी परिसर में भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कई जगह (परिंडे) जलपात्र टांगे गए।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने कहा कि इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ रही है, और इस गर्मी में अगर सबसे बड़ी चुनौती है तो पक्षियों को गर्मी के मौसम में पीने के पानी की होती है। उन्होंने कहा की बदलते पर्यावरण के बीच पक्षियों के लिए यह दौर चिंताजनक हो गया है।

उन्होंने कहा कि बेजुबान पक्षियों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है कि कम से कम अपने घरों के आसपास लगे पेड़ पौधों पर मिट्टी के पात्र (परिंडे) टांगकर उसमें रोजाना पानी की व्यवस्था करने की अपील की । इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के अजय गुलाटी ,राकेश मीना, स्थानीय निवासी विशाखा मीना, हिमांशु पालीवाल, अकाशवाणी के गोपाल पालीवाल मौजूद रहे।

# विशाल बावा अमेरिका के पेंसिलवेनिया में ब्रज धाम मंदिर पहुंचे मंदिर की सेवा व्यवस्था का किया निरीक्षण एवं प्रभु सुखार्थ सेवा के लिए दिए निर्देश

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ प्रभु श्रीनाथजी की हवेली के तिलकायत श्री के सुपुत्र युवाचार्य विशाल जी बावा अमेरिका के पेंसिलवेनिया राज्य में स्थित ब्रज धाम मंदिर पहुंचे और यहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि यह मंदिर पुष्टिमार्गीय सेवा प्रणाली द्वारा संचालित होता है व नाथद्वारा स्थित पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ श्रीनाथ जी मंदिर के निर्देशन में प्रभु की सेवा व्यवस्था संचालित होती है। इस दौरान विशाल बावा का वहां रह रहे पुष्टि सृष्टि के वैष्णव जनों ने भव्य स्वागत एवं सत्कार किया! विशाल बावा ने ब्रज धाम मंदिर एवं वँहा की सेवा व्यवस्था का निरीक्षण कर प्रभु की सेवा से संबंधित निर्देश दिए विशाल बावा ने वहां वैष्णव जनों को श्रीजी प्रभु की सेवा,महिमा एवं पुष्टिमार्ग के सिद्धांतों,रीत,एवं पुष्टीमार्गीय कला संस्कृति की अपने प्रवचन के माध्यम से जानकारी प्रदान की और वैष्णव जनों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया ! इस अवसर पर ब्रज धाम मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल भाई एवं सैकड़ो वैष्णव जनों ने श्री विशाल बावा की अगवानी की! मुख्य सलाहकार अंजन शाह भी उपस्थित थे!



# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री को लेकर सौंपा ज्ञापन

पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** शहर के अम्बेडकर चौराहा से महावीर चौराहा, माघ चौक, खारी रोड़, करड़ा चौराहा तक रोड़ का निर्माण घटिया होने पर नागरिकों ने ज्ञापन सौंपा ।

उपखण्ड अधिकारी पंकज शर्मा को जिला कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री के नाम एडवोकेट श्रवण ढाका एवं कांग्रेस नेता जयंतीलाल घांची के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया । युथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ढाका ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य पूर्णतया घटिया किस्म, सड़क का लेवलीकरण व समतलीकरण सही नहीं करने, व्यर्थ मापदण्डो को छोड़कर गुणवत्ताहीन सामग्री का



प्रयोग कर नियमानुसार कार्य नहीं करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया ।

ज्ञापन के अनुसार ठेकेदार एवं अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाये तथा ठेकेदार पर घटिया निर्माण को लेकर पेलेन्टी लगाई जायें । अगर निमार्ण कार्य में सुधार नहीं किया गया तो चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा । इस कार्यक्रम के दौरान सम्पूर्ण बाजार बंद कर आंदोलन भी किया जायेगा ।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर अर्जुनकुमार, डायालाल सुथार, दिनेश बंजारा, गणपतलाल ढाका, एडवोकेट भावेश देवासी, जैसाराम मेघवाल, गलाराम देवासी, एडवोकेट कन्हैयालाल, एडवोकेट इंसाफ खान सहित कई शहरवासी मौजूद रहे ।

# राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की बैठक संपन्न

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर की बैठक बाल चिकित्सालय के सभागार में जिलाध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर से संलग्न चिकित्सालयो में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर्स ने स्थानीय विभिन्न ज्वलंत मांगों को लेकर आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में सैकड़ों नर्सेज ने एक स्वर में प्रशासन के लिए भारी रोष जताया। जिलाध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष ने नर्सेज की सभी ज्वलंत मांगो को सभी के समक्ष रखा, कई कार्य नर्सेज के जोब चार्ट में नहीं होने के बावजूद प्रशासन द्वारा नर्सेज पर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है , जिससे नर्सेज के मूल कार्य नर्सेज नही कर पाते है। प्रथम मांगों में नर्सिंग अधीक्षक को नर्सेज से संबंधित सभी प्रकार के स्वतंत्र कार्य को करने का निर्णय स्वयं को लेने दिया जाए। जिसमे अधीक्षक का कोई हस्तक्षेप नहीं होवे, पार्किंग व्यवस्था में सभी जगह नर्सिंग कैडर को कम से कम चिकित्सालय में 25| जगह दी जाए , ब्लड लाने का कार्य टेक्नीशियन द्वारा संपादित हो, नए वार्ड जब तक नहीं खोले जाए, जब तक नए स्टाफ की व्यवस्था न होवे, और हर वार्ड में एन ए बी एच रूल्स अनुसार स्टाफ लगाए जाए। साथ ही एन ए बी एच , इंफेक्शन कंट्रोल में सिनियर नर्सिंग आंफिसर को प्रभारी लगाए जाए ।कार्यालयों में उम्रदराज ,सेवानिवृति के करीब ,गंभीर बीमारी से ग्रस्त नर्सेज को लगाया जावे ,ऑफिस एवं कार्यालयों में नर्सेज को संतोष प्रद जवाब नही दिया जाता है।इनके अलावा नाइट सुपर वाइजर के लिए



पृथक सुसज्जित कक्ष, डे केयर सुविधा, नर्सेज क्वाटर की मरम्मत के लिए पृथक बजट, स्टाफ कैंटीन इत्यादि कई स्थानीय मांगों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में हेमंत आमेटा, पंकज जैन, महेंद्र सारंगदेव,सुखलाल धाकड़, हरीश चौबीसा, रमेश मीणा ने संबोधित किया। एवं संचालन संतोष परमार ने किया! आज उपरोक्त मांगो का ज्ञापन लेकर जुलूस के रूप में नारे बाजी करते हुवे सभी नर्सेज ऑफिसर्स ने अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जिस पर प्रशासन ने कल वार्ता के लिए आमंत्रित किया है । पवन कुमार दानाध्यक्ष ने कहा कि साथियों संगठन में शक्ति है , संगठन सर्वोपरि है । सभी मांगे नहीं मानने पर नर्सेज द्वारा सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा । जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं प्रशासन की होगी। बैठक में सैकड़ों नर्सिंग ऑफिसर्स उपस्थित थे।

# अवैध मदिरा के विक्रय पर रोक हेतु अभिनव पहल

पदमावत मीडिया

उदयपुर । आबकारी विभाग द्वारा अभिनव पहल करते हुए प्रदेश में अवैध मदिरा के विक्रय की रोकथाम एवं हानिकारक मदिरा के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए होलोग्राम जांच पर आधारित ''राज एक्साईज सिटीजन'' (तं मबपेम बपजप्रमद) मोबाईल ऐप तैयार किया गया है। इस ऐप को कोई भी व्यक्ति गूगल प्ले स्टोर से मोबाईल में डाउनलोड कर उपयोग कर सकता है। आबकारी आयुक्त श्री अंश दीप ने बताया कि अनाधिकृत स्त्रोत से क्रय की गई मदिरा जहरीली व जानलेवा साबित हो सकती है अतः उपभोगकर्ता को जागरूकता के साथ अधिकृत अनुज्ञाधारी से ही मदिरा क्रय करनी चाहिए। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा तैयार करवाया गया मोबाईल ऐप ''राज एक्साईज सिटीजन'' (तं मबपेम बपजप्रमद) गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप के माध्यम से मदिरा की बोतल पर लगे होलोग्राम के क्यूआर कोड को स्केन करने अथवा बोतल पर अंकित नम्बर दर्ज करने पर मदिरा का ब्रांड, अधिकतम मूल्य, पैकिंग साईज, बैच नम्बर, उत्पादन की दिनांक एवं निर्माता का नाम आदि सूचना प्रदर्शित हो जाती है। आबकारी आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में उक्त ऐप के प्रचार-प्रसार से जागरूकता आएगी और अवैध मदिरा के विक्रय पर रोक लगाने में सहायता मिलेगी। अनाधिकृत मदिरा होने की स्थिति में संबंधित आबकारी निरीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय एवं आबकारी आयुक्त कार्यालय के नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 18001806436 या ई मेल ब्जत्स्ण्भ्व्म्बैम/त।श्रौज्भ।छण्ळव्टण्प्छ पर सूचना दी जा सकती है। सूचना पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर आकाश बागड़ी का किया अभिनंदन

पदमावत मीडिया



उदयपुर । खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के संस्थापक जय निमावत ने शहर के युवा आकाश बागड़ी को खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद मनोनीत करने बाद मित्रों परिजनों से बधाई संदेश का दौर शुरू हो गया। इसी के चलते उदयपुर मेवाड़ मोटर्स गली में स्थित खालसा प्रिंटर पर खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी का मेवाड़ी पगड़ी, माला, उपरणा ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। साथ ही भव्य आतिशबाजी भी की गई। मेवाड़ मोटर गली में खालसा प्रिंटर पर केक काटकर और आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की इस मौके पर धर्मजीत सिंह, भरत मेघवाल, सुरेश, राहुल खटीक, भेरूलाल, कुलदीप, प्रवीण, प्रकाश, रीना और कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

# खटीक समाज की पहल - बचपन में हुए बाल विवाह को सामाजिक स्तर पर किया विच्छेदन



पदमावत मीडिया

उदयपुर । श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच की बैठक शुक्रवार को थुर स्थित कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक शंकरलाल चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिमसें श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच ने अनुठी पहल करते हुए कई ऐतिहासिक सामाजिक फैसले लिए गए। संस्थापक शंकरलाल चौहान ने बताया कि बचपन में हुए तीनों युवक-युवतियों के विवाह का समाज के पंचों ने आपसी रजामंदी के साथ विवाह विच्छेदन किया। खरताना निवासी राहुल से सासेरा निवासी सीमा का, कोठारिया निवासी गोविन्द का सासेरा निवासी अंशी खटीक, कोठारिया निवासी देव नारायन का विवाह सासेरा निकिता खटीक के साथ बचपन में हुआ था। चौहान ने बताया कि बचपन में एक-डेढ़ वर्ष की उम्र बच्चों का विवाह हो गया था अब वयस्क होने पर किसी को लड़की पसंद नहीं तो किसी को लड़का ऐसे मामले कोर्ट कचहरी तक पहुंचने वाले थे। जिन्हे समाज के पंचों ने एक जाजम पर वर एवं वधु दोनों के परिजनों को बुलाकर आपसी रजामंदी के विवाह विच्छेदन कर समाज में ऐतिहासिक पहल की। दोनों ही परिवारों को आपस में जो जेवर दिए गए वो पुन» अपने-अपने परिवारों को सौंपे गए। महासचिव सीपी चौहान ने बताया कि बचपन हुए विवाह से अब वयस्क होने पर लड़का व लकड़ी दोनों संतुष्ट नहीं थे। इस कारण समाज के पंचों ने यह पहल दिखाते हुए विवाह विच्छेदन किया। साथ ही बताया कि कई लोगों के घरों को उजडने से बचाया और कई लोगों को कानून की जंजाल से छुड़ाया। बैठक में खटीक समाज में प्री वेडिंग का बंद करने का निर्णय लिया गया। साथ ही शादी चिड़ी दस्तुर में पांच तोला सोना ले जाने का निर्णय लिया गया। जिस पर सभी पंचों ने एक राय होकर इस पर कायम रहने का संकल्प लिया।

बैठक में संस्थापक शंकरलाल चौहान ने श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मनोहर लाल खटीक को खरताना गांव के पंच के रूप में मनोनीत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव रतन खींची, राष्ट्रीय सचिव राजेश बागड़ी, प्रदेश अध्यक्ष गोवर्धन पहाडियां, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन डिडवानिया, गोगुंदा तहसील अध्यक्ष शंकर चौहान, मीडिया प्रभारी रतन खींची नाहर मगरा, सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश खटीक पलाना आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन क्विज व स्लोगन स्पर्धा के विजेता घोषित

# अतिरिक्त संभागीय आयुक्त व सीईओ की उपस्थिति में घोषित हुए परिणाम

पदमावत मीडिया

उदयपुर । लोकसभा आम चुनाव-2024 में आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन क्विज एवं स्लोगन प्रतियोगिता के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए। विजेताओं को जिला कलक्टर के साथ कॉफी पीने का अवसर मिलेगा।

सोशल मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी व संयुक्त निदेशक डीओआईटी सुश्री शीतल अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया पर विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया था। इसके तहत 19 से 26 अप्रैल तक ऑनलाइन क्विज एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें बड़ी संख्या में मतदाताओं ने रूचि दिखाते हुए भागीदारी निभाई थी। शुक्रवार को डीओआईटी सभागार में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त छोगाराम देवासी तथा स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी व जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ की उपस्थिति में प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। इस दौरान उपनिदेशक जनसंपर्क गौरीकान्त शर्मा, जिला आयोजना अधिकारी पुनीत शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

यह रहे विजेता



सुश्री अग्रवाल ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में उदयपुर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों से कुल 4570 लोगों ने भागीदारी निभाई। इनमें से 44 प्रतिभागियों ने क्विज स्पर्धा के शत-प्रतिशत प्रश्नों का सही जवाब दिया था। ऐसे में विजेताओं का चयन लॉटरी से किया गया। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त श्री देवासी ने लॉटरी निकाली। इसमें प्रथम तीन विजेता नाथूलाल मीणा पुत्र भेराजी मीणा, जसवंतसिंह राजपूत पुत्र भूरसिंह राजपूत तथा रतनलाल तेली पुत्र रोड़ीलाल तेली रहे। इसी प्रकार स्लोगन प्रतियोगिता में 640 प्रतिभागियों ने भाग लिया। चयन समिति ने तीन श्रेष्ठ स्लोगन चुने। इसमें विजेता राकेश कुमार मीणा पुत्र रमेशचंद्र मीणा, मनीष मेनारिया पुत्र नारायणलाल मेनारिया तथा पर्णिका चौबीसा पुत्री जयंत चौबीसा रहे। सुश्री अग्रवाल ने बताया कि विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही उन्हें जिला कलक्टर के साथ कॉफी के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसकी तिथि पृथक से घोषित की जाएगी।

# स्थानिक कृषि उत्पादों आधारित उद्यमों के बारे में महिलाओ को किया जागरूक

पदमावत मीडिया

बम्बोरी। स्थानिक कृषि उत्पादों के उद्यम शुरू कर महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत कार्यरत अखिल भारतीय समन्वित कृषिरत महिला अनुसंधान परियोजना की और से चयनित गांव में चल रहे कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बंबोरी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार विशिष्ट वैज्ञानिक डॉ. विशाखा सिंह के निर्देशन में वैज्ञानिक डॉ. भूमिका मीणा नें महिलाओ को बताया कि तकनीकी हस्तक्षेप और उद्यमशीलता विकास के माध्यम से लैंगिक समानता को बढ़ावा देना कार्यक्रम के तहत बंबोरी मे बैठक आयोजित कर महिलाओं को स्थानीय संसाधनों का उपयोग के बारे में बताते हुए गांव में लहसुन हरी मिर्च सरसों गेहूं चना की फसल से भरपूर पैदावार कैसे ले इसका उपयोग एवं इससे चलने वाले उद्योगों के बारे में जानकारी दी।

# खेल अकादमियों की चयन स्पर्धा 11 से 17 मई तक

पदमावत मीडिया

उदयपुर । राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा संचालित खेल अकादमियों की चयन स्पर्धा का आयोजन सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में 11 मई से निर्धारित कार्यक्रम अनुसार किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी अजीत जैन ने बताया की चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु खिलाड़ी अपना आवेदन राजस्थान राज्य क्रीडा परिशद की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट आरएसएससी डॉट इन से डाउनलोड कर आवेदन सचिव राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, सवाई मानसिह स्टेडियम जयपुर को 8 मई तक डाक-कुरियर द्वारा भिजवाना सुनिश्चित करें। यह रहेगी चयन प्रक्रिया

जिला खेल अधिकारी अजीत जैन ने बताया कि बालिका तीरंदाजी अकादमी जयपुर, बालक तीरंदाजी अकादमी उदयपुर, डुंगरपुर, बालिका हॉकी अकादमी अजमेर, बालक हॉकी अकादमी जयपुर, बालक कबडड्ी अकादमी करौली, बालक व बालिका कबड्डी अकादमी चुरू, बालक कब्बड्डी अकादमी (प्रस्तावित) (डीडवाना) नागौर के लिए चयन स्पर्धा के तहत 11 मई को पंजीकरण, मेडिकल, बैट्री टेस्ट आदि एवं 12 मई को खेल कौशल एवं आरएचपीएसटीसी किया जाएगा।

इसी प्रकार बालक वॉलीबॉल अकादमी झुंझुनू, बालिका वॉलीबॉल अकादमी जयपुर, बालक कुश्ती अकादमी भरतपुर, बालक साइकिलिंग अकादमी बीकानेर के लिए चयन स्पर्धा के तहत 12 मई को पंजीकरण, मेडिकल, बैट्री टेस्ट इत्यादि एवं 13 मई को खेल कौशल एवं आरएचपीएसटीसी किया जाएगा। वहीं बालक एथलेटिक्स अकादमी गंगानगर, बालिका एथलेटिक्स जयपुर, बालक हैंडबॉल अकादमी, जैसलमेर, बालिका हैण्डबॉल अकादमी, जयपुर हेतु चयन स्पर्धा के तहत 13 मई को पंजीकरण, मेडिकल, बैट्री टेस्ट इत्यादि एवं 14 मई को खेल कौशल एवं आरएचपीएसटीसी किया जाएगा। पैरा खेल अकादमी एथलेटिक्स व पावर लिफ्टिंग जयपुर बालक वर्ग हेतु चयन स्पर्धा के तहत 14 मई को पंजीकरण, मेडिकल, बैट्री टेस्ट इत्यादि एवं 15 मई को खेल कौषल एवं आरएचपीएसटीसी किया जाएगा। बालक बास्केटबॉल अकादमी जैसलमेर, बालक बास्केटबॉल अकादमी (सीनियर वर्ग) जयपुर, बालिका बास्केटबॉल अकादमी जयपुर, बालिका फुटबॉल अकादमी कोटा, बालक फुटबॉल अकादमी जोधपुर हेतु चयन स्पर्धा के तहत 14 मई को पंजीकरण, मेडिकल, बैट्री टेस्ट इत्यादि एवं 15 मई को खेल कौशल एवं आरएचपीएसटीसी किया जाएगा। प्रत्येक चयन स्पर्धा का समय 9.30 बजे से 12.30 तक रहेगा।

खेल अकादमी चयन के लिए पात्रता »

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इसके लिए निर्धारित पात्रतानुसार खिलाड़ियों की आयु दिनांक 1 जुलाई 2024 को बालक वर्ग में न्यूनतम 14 वर्ष तथा अधिकतम 18 वर्ष तथा बालिका वर्ग में न्यूनतम 13 वर्ष तथा अधिकतम 17 वर्ष एवं बास्केटबाल में बालक सीनियर वर्ग में न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 20 वर्ष के मध्य रखा जाना प्रस्तावित है। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा संचालित खेल अकादमियों के विद्यमान प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों के लिए अधिकतम आयु सीमा उनके परिणाम के आधार पर 20 वर्ष होगी तथा बास्केटबाल सीनियर वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 23 वर्ष होगी। अभ्यर्थी किसी प्रकार की बीमारी से ग्रसित नही होना चाहिए। चयन पश्चात गंभीर बीमारी एवं अन्य बिमारी पाये जाने पर अकादमी से निष्कासित कर दिया जावेगा। जिसकी जिम्मेदारी संबंधित खिलाड़ी और अभिभावक व प्रशिक्षक की होगी। खिलाडी राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए।

खेल अकादमी में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को परिणाम व अनुशासन के आधार पर प्रशिक्षकों-प्रभारियों की अनुशंसा पर चयन उनकी खेल उपलब्धियों एवं खेल की प्रवीणता तथा बैटरी टेस्ट में प्राप्तांकों के आधार पर एवं सम्भावित चयनित खिलाडियो का अन्तिम चयन उच्च प्रदर्शन खेल प्रशिक्षण और पुनर्वास केंद्र जयपुर पर करवाकर चयन किया जायेगा। चयन स्पर्धा एक खेल की दो दिन में मुख्यालय पर आयोजित होगी एवं सीनियर बालक बास्केटबाल अकादमी जयपुर व जैसलमेर में प्रवेश हेतु नेशनल मेडलिस्ट खिलाडियों को ही रखा जायेगा। जिसमें एसजीएफआई मेडलिस्ट, विश्वविद्यालय जोनल मेडलिस्ट, सीनियर नेशनल प्रतियोगिता का मेडलिस्ट, ओपन नेशनल मेडलिस्ट सम्मिलित है। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को यात्रा, आवास एवं भोजन का स्वयं अपने स्तर पर वहन करना होगा एवं खिलाडी स्वयं की जिम्मेदारी पर चयन स्पर्धा में सम्मिलित होगा। चयन स्पर्धा के समय अपने मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे व स्पर्धा में खेल किट में उपस्थित होना आवश्यक है।

# जिला संकट स्थिति समूह की बैठक 15 को

पदमावत मीडिया

उदयपुर । जिला संकट स्थिति समूह की बैठक 15 मई सुबह 11 बजे जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। यह जानकारी समिति के सदस्य सचिव व कारखाना एवं बॉयलर्स विभाग के उप मुख्य निरीक्षक पवन कुमार गोयल ने दी।

# श्री कल्लाजी वेद विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

पदमावत मीडिया

निंबाहेड़ा। श्री कल्लाजी वेदपीठ एवं शोध संस्थान द्वारा संचालित श्री कल्लाजी वेद विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। वेद विद्यालय के आचार्य के अनुसार न्यूनतम पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण एवं 12 वर्ष तक के विद्यार्थियों से 5 वर्षीय वेदाध्ययन, कर्मकाण्ड के अध्ययन हेतु आगामी 23 मई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 23 मई को दोपहर 12 बजे तक आवेदन किया जा सकेगा। उसी दिन अपराह्न 3 बजे से लिखित एवं 24 मई को प्रात 9 बजे से मौखिक परीक्षा लेकर 26 मई को अपराह्न 3 बजे तक प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले आओ पहले पाओ के आधार पर वेद एवं कर्मकाण्ड अध्ययन में रूचि रखने वाले विद्यार्थी वेद विद्यालय में प्रवेश ले सकेंगे।

# जिला एवं ब्लॉक स्तर पर जनाधार हेल्प डेस्क का गठन

पदमावत मीडिया

उदयपुर । राज्य सरकार द्वारा संचालित लगभग 160 योजनाओं का क्रियान्वयन जन आधार के माध्यम से किया जा रहा है इसे और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सांख्यिकी विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने जन आधार को आमजन तक सुलभ बनाने एवं उसमें आ रही समस्याओं को दूर करने के लिये प्रत्येक ब्लॉक एवं जिला स्तर पर जन आधार हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश प्रदान किये। जिला जन आधार योजना अधिकारी एवं जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल के निर्देशन में जिला उदयपुर एवं सलूंबर में जिला स्तर एवं प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर जनाधार हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है । इसका उद्देश्य जनाधार में नामांकन, नाम संशोधन, सदस्य का नाम हटवाने एवं जुड़वाने संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए आमजन को मार्गदर्शन प्रदान कर समस्या का निवारण शीघ्र करना है।

अतिरिक्त जिला जन आधार योजना अधिकारी एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक पीयूष कुमार भण्डारी ने बताया कि जिला स्तर पर जिला जन आधार हेल्प डेस्क उदयपुर के लिए सांख्यिकी निरीक्षक सुश्री नम्रता शर्मा (मो.9468688750) एवं सूचना सहायक भावेश खत्री (मो.9057225366) तथा जन आधार हेल्प डेस्क जिला सलूंबर के लिए सांख्यिकी निरीक्षक शैलेष कुमार जैन (मो. 9636125847) एवं संगणक सुश्री कृतिका सोनी (मो. 9549105282) को नियुक्त किया गया है।

भण्डारी ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर जन आधार हैल्प डेस्क के तहत गिर्वा ब्लॉक के लिए सांख्यिकी अधिकारी बनवारी लाल बुम्बरिया (8058810101), बड़गांव के लिए सांख्यिकी अधिकारी दिनेश चन्द्र श्रीमाली (9414786438), कुराबड़ के लिए सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती दीपा डामोर (8302308981), गोगुन्दा के लिए सांख्यिकी अधिकारी विक्रम मालवीय (9929273381),सायरा के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी अनिल कुमार मीणा (9783550520) कोटड़ा के लिए सांख्यिकी निरीक्षक निशान्त खराड़ी (9782648819), झाड़ोल के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी लक्ष्मण मीणा (8955002081), फलासिया के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी रमेशलाल टेलर (9929234519) खेरवाड़ा के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी नारायण लाल पटेल (9414655060), नयागांव के लिए सांख्यिकी निरीक्षक शिव चरण मीणा (8963027528), ऋषभदेव के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी मेघराज पटेल (7023868923) मावली के लिए सांख्यिकी अधिकारी सुश्री प्रियंका शर्मा (9887825305) भीण्डर के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी लोकेश कुमार मौर्य (8233963272) तथा वल्लभनगर के लिए सांख्यिकी निरीक्षक हितेष कुमार श्रीमाली 9799176085 को नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार जिला सलूंबर में सलूंबर ब्लॉक के लिए सांख्यिकी निरीक्षक शैलेष कुमार जैन (9636125847) सराड़ा के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रकाश लाल भट्ट (9460535528), सेमारी के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी भगवान लाल पटेल (9636482535), जयसमंद के लिए सांख्यिकी निरीक्षक श्रीमती भारती चतुर्वेदी (7014309215), लसाड़िया के लिए सांख्यिकी निरीक्षक संदेश मीणा (9413024416) तथा झल्लारा के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी नवीन कुमार मीणा (9680898614) को नियुक्त किया गया है।

आमजन जन आधार से जुड़ी समस्याओं के निवारण के लिए राज्य स्तरीय हेल्प डेस्क दूरभाष नंबर 0141-2850287, 2923377 पर, जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय हैल्प डेस्क पर प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही, जन आधार से सम्बन्धित अन्य जानकारी लेने तथा हैल्प डेस्क की सहायता लेने के लिये जन आधार की वेबसाइट भी देख सकते हैं।

# हिन्दुस्तान स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर

पदमावत मीडिया

उदयपुर । हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के तत्वावधान में महावीर जैन विद्यालय संस्थान कीर की चौकी भींडर में जारी संभाग स्तरीय स्काउट गाइड, कब मास्टर, फ्लॉक लीडर का बेसिक व एडवांस कोर्स प्रशिक्षण के दूसरे दिन बुधवार को स्काउट की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर परंपरागत व मनोरंजनात्मक खेलों का भी आयोजन हुआ। जिला मुख्यालय आयुक्त जनसंपर्क गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि दूसरे दिन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त प्रदीप मेघवाल, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड चित्रलेखा शुक्ला, मदन लाल वर्मा शांता वैष्णव, तुलसी चडात, शिवराज प्रजापत, कमल यादव आदि ने स्काउट की विभिन्न विधाओं में प्रार्थना प्रतिज्ञा, ध्वज गीत, ध्वज शिष्टाचार स्काउट के परंपरागत खेल आदि के बारे प्रशिक्षण दिया। शिविर में मंत्रम बीएसटीसी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य राखी जीनगर, मंत्रम बीएड कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ पंकज पारिख, ऐश्वर्या शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राशि माथुर भी मौजूद रहे। शिविर में राजकीय सेवारत एवं निजी संस्थाओं के अध्यापकगण तथा ऐश्वर्या टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, निंबार्क शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, अरावली टीचर्स ट्रेनिंग महाविद्यालय, मंत्रम बीएसटीसी कॉलेज एवं डाइट उदयपुर के छात्र-छात्रा अध्यापक भाग ले रहे है।



# राहत लेकर आया अग्निकर्म चिकित्सा शिविर, उमड़े शहरवासी अंतिम दिन उत्कृष्ट सेवाएं देने वालों को किया सम्मानित

पदमावत मीडिया

उदयपुर । राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिन्धी बाजार में आयोजित निःशुल्क पंचकर्म शिविर के अंतिम दिन कई रोगियों ने अग्निकर्म चिकित्सा पद्धति का लाभ लिया। समापन अवसर पर इस निःशुल्क पंच दिवसीय चिकित्सा शिविर में सेवा देने वाले कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ दीनदयाल शर्मा, विशिष्ठ अतिथि उपनिदेशक डॉ राजीव भट्ट, सहायक निदेशक डॉ भानु कुमार जैन व अग्निकर्म कर्म विशेषज्ञ डॉ चंद्रेश तिवारी रहे। शिविर व औषधालय प्रभारी डॉ. शोभालाल औदिच्य ने शिविर में हुए विभिन्न रोगों के उपचार की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आचार्य सुश्रुत के सिद्धांत के आधार पर अग्निकर्म चिकित्सा की जा रही है। डॉ चंद्रेश तिवारी इस अग्निकर्म चिकित्सा की प्राचीन विरासत को मूल स्वरूप में आमजन को उपलब्ध करवा कर सेवा का कार्य कर रहे है। चिकित्सा शिविर में डॉ.मिथिलेश शाक्यवाल, डॉ.शैलेन्द्र शर्मा, डॉ.संजय सोनी, डॉ. नितिन सेजू, डॉ अंकिता सियाल, डॉ ऋम्भरा पाटीदार, नर्स इंदिरा डामोर, कम्पाउण्डर शंकरलाल खराड़ी, कंचन कुमार डामोर, चंद्रेश परमार, कन्हैया लाल नागदा नर्स अंजना बारोट, नर्स वंदना शक्तावत, भगवती



लाल लोधा, परिचारक गजेन्द्र कुमार आमेटा, निर्भय सिंह भाटी लालू राम गमेती आदि को सम्मानित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।